# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 09.07.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",दैनिक जागरण, अमर उजाला, आज, ज्ञानशिखा टाइम्स, हिंदुस्तान, आईनेक्स्ट, जागरूक एक्सप्रेक्स, न्यायाधीश, राष्टीय सहारा," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### दैनिक जागरण –दि0 09.07.2025

# काशी की बदलेगी सूरत, करेंगे सुनियोजित विकास : उपाध्यक्ष

जागरण संवाददाता, वाराणसी : पर्यटन मंत्रालय के एक्शन प्लान फार काशी एंड सारनाथ को लेकर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने मंगलवार को सभागार में बैठक की। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने को लेकर वीडीए को नोडल बनाया गया है। सड़क किनारे स्थित भवन और दुकान के बीच कच्चे पैच को पक्का कराने के साथ टूटी सड़कों को लोक निर्माण विभाग मरम्मत कराएगा। दुकानों पर लगे बेतरतीब साइनेज बोर्ड को हटाकर एक जैसा वीडीए लगाएगा।

उन्होंने बताया कि सड़क किनारे बिजली के ट्रांसफार्मर, खंभे और तार को हटाने के लिए बिजली विभाग को पत्र लिखा जाएगा। नेटवर्क कंपनियों के तार हटाने का जिम्मा नगर निगम को है। सड़क किनारे हरियाली के लिए पौधे, बने यूरिनल और सार्वजनिक शौचालय का री-डिजाइन कराने, भवनों के ऊपर स्थापित बोर्ड को स्ट्रक्चर सहित हटाने का कार्य, चिह्नित 18 स्थान व रूट के पूरे मार्ग पर लगे बैनर व पोस्टर, दीवारों, पुल के पिलर, पुल के एप्रोच दीवार पर लगे पोस्टर, वाल राइटिंग को हटाने का कार्य नगर निगम कराएगा। मैदागिन से गोदौलिया तक के मार्ग पर अनधिकृत ई-रिक्शा, थ्री-व्हीलर के प्रवेश रोकने के लिए स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। चिह्नित मार्गों के ठेले व खोमचों को री-डिजाइन करने का कार्य सारनाथ क्षेत्र में कराए गए कार्यों की तर्ज पर होगा।

## दैनिक जागरण–दि0 09.07.2025

# वीडीए सचिव ने सील कराए पांच अवैध निर्माण

**जागरण संवाददाता, वाराणसी** : क्षेत्र में अवैध निर्माण की शिकायत मिलने पर मंगलवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण सचिव डा. वीपी मिश्रा खुद क्षेत्र में निकल पड़े। दशाश्वमेध वार्ड के मंडुवाडीह, लहरतारा और महमूरगंज मार्ग पर निरीक्षण में पाया कि आवासीय नक्शा पास कराकर व्यावसायिक निर्माण कर रहे थे। कुछ भवन स्वामियों ने नक्शा तक पास नहीं कराया था। वीडीए सचिव ने नाराजगी जाहिर करते हुए मौके पर पांच अवैध निर्माण को सील करवाया। जोन तीन के जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति को सुपरवाइजर और चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा।

वीडीए सचिव डा. वीपी मिश्रा ने बताया कि मंडुवाडीह में विपुल कपूर बेसमेंट के अलावा चार मंजिल में होटल निर्माण कर रहे थे। राजकुमार बरनवाल मोती झील के सामने बेसमेंट के अलावा चार मंजिल व्यावसायिक, दीपक अस्थाना बेसमेंट के अलावा दो मंजिल व्यावसायिक, दीपक जायसवाल बेसमेंट के अलावा चार मंजिल व्यावसायिक, पंकज बरनवाल महमूरगंज तिराहे पर होटल निर्माण कर रहे थे। सभी निर्माण को सील करा दिया गया।

## दैनिक जागरण–दि0 09.07.2025

# अवैध प्लाटिंग तोड़ी और सील किया निर्माण

**जागरण संवाददाता, वाराणसी** : वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर मंगलवार को अवैध निर्माण और जमीन की प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जोन दो के जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार ने बताया कि सारनाथ वार्ड के गौराकला में राजनाथ करीब 6000 वर्ग मीटर में अवैध तरीके से जमीन की प्लाटिंग कर रहा था। बुलडोजर से चारदीवारी तोड़ दी गई। जोन पांच के जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश ने बताया कि मुगलसराय वार्ड के मनोहरपुर में तेज बहादुर सिंह अवैध निर्माण कर रहे थे। उसे सील करने के साथ पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया।

## अमर उजाला—दि0 09.07.2025

### वीडीए सचिव ने होटल समेत 5 अवैध निर्माण कराए सील

**वाराणसी।** वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा की ओर से मंगलवार को वार्ड दशाश्वमेध के मंडुवाडीह, लहरतारा, महमूरगंज मार्ग का निरीक्षण किया। छोटे-बड़े आवासीय, व्यावसायिक नव निर्माणों को गतिमान पाया गया।

उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धारा-27 के तहत नोटिस देते हुए होटल समेत 5 अवैध निर्माणों को सील किया गया। विपुल कपूर की ओर से इंडस्ट्रियल स्टेट रोड मंडुवाडीह में 700 वर्गमीटर में होटल, राजकुमार बरनवाल की ओर से मोती झील महमूरगंज के सामने 2500 वर्गमीटर व्यावसायिक निर्माण सील किया गया है। दीपक अस्थाना की ओर से मंडुवाडीह चौराहे पर व्यवसायिक और आवासीय निर्माण, दीपक जायसवाल की ओर से 450 वर्गमीटर में व्यावसायिक और



प्लॉटिंग ढहाती जेसीबी। स्वयं

आवासीय निर्माण को सील किया गया। पंकज बरनवाल की ओर से महमूरगंज त्रिमुहानी पर 700 वर्गमीटर के क्षेत्रफल में होटल के निर्माण को सील किया गया।

**सारनाथ वार्ड में ध्वस्त कराई दो अवैध प्लॉटिंग :** वीडीए की ओर से मंगलवार को सारनाथ वार्ड में दो अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई गई। इस वार्ड के चौबेपुर गौराकला में राजनाथ की ओर से बिना लेआउट स्वीकृत कराए 6000 वर्ग मीटर में अवैध रूप से प्लॉटिंग का कार्य किया गया था। नोटिस के बाद भी ले-आउट शमन मानचित्र दाखिल नहीं किया गया।

ध्वस्तीकरण के लिए सात जुलाई तक का समय दिया गया था। समय बीतने के बाद वीडीए ने अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई। इसके अलावा डब्ल्यू सिंह की ओर से संदहा मुढ़ली में बिना लेआउट स्वीकृत कराए 6000 वर्ग मीटर में अवैध प्लॉटिंग कराई गई थी। शमन मानचित्र दाखिल न करने पर अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई गई।

उधर, मंगलवार को मनोहरपुर अलीनगर में अवैध निर्माण सील किया गया। मुगलसराय वार्ड के तेज बहादुर सिंह की ओर से स्कूल परिसर में अवैध निर्माण कराने पर पूर्व में नोटिस दिया गया था।


## अमर उजाला—दि0 09.07.2025

### एयरपोर्ट से गोदौलिया तक के 18 स्थानों का होगा सुंदरीकरण

माई सिटी रिपोर्टर

**वाराणसी।** पर्यटन मंत्रालय की ओर से निर्धारित एक्शन प्लान फॉर काशी एंड सारनाथ पर मंगलवार को वीडीए में बैठक हुई। इसमें वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि एयरपोर्ट से गोदौलिया तक के 18 स्थानों का सुंदरीकरण कार्य किया जाएगा। इनमें 12 चौराहे शामिल हैं।

वीडीए उपाध्यक्ष के अनुसार 18 स्थानों पर काम के लिए वीडीए को नोडल बनाया गया है। सड़क किनारे स्थित भवन व दुकान के बीच कच्चे पैच को पक्का कराते हुए टूटी-फूटी सड़क की मरम्मत कराई जाएगी। दुकानों पर बेतरतीब लगे साइन बोर्ड हटाए जाएंगे। नए साइन बोर्ड लगेंगे। सड़क किनारे स्थित



बैठक करते वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग व अन्य। स्रोत-वीडीए

ट्रांसफॉर्मर की फेंसिंग, पोल की पेंटिंग कराई जाएगी। इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर समेत अन्य तारों के जंजाल को हटाया जाएगा। प्रस्तावित रूट के किनारे पड़ने वाले भवन, दुकान आदि की थीम बेस्ड फसाड पेंटिंग होगी। चिह्नित 18 स्पॉट और रूट के पूरे मार्ग पर लगे बैनर-पोस्टर हटाए जाएंगे। सड़कों के किनारे जितनी भी चाय और खाद्य पदार्थ की दुकानें हैं, उन्हें स्टैंडर्ड डिजाइन के अनुसार बदला जाएगा। सभी को हाइजेनिक तरीके से खाने-पीने की चीजों को बनाने, परोसने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से प्रेरित किया जाएगा।

#### मैदागिन से गोदौलिया तक लगेंगे बोलार्ड

*मैदागिन से गोदौलिया तक के मार्ग पर अनधिकृत टोटो रिक्शा, रिक्शा, थ्री-व्हीलर के प्रवेश होने से रोकने के लिए स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर आवश्यकतानुसार स्थायी और अस्थायी बोलार्ड स्थापित किए जाएंगे। ये काम ट्रैफिक पुलिस से कराया जाएगा। मार्गों के ठेले/खोमचों को री-डिजाइन किया जाएगा।*

#### चिह्नित प्रमुख चौराहे

*सुंदरीकरण के लिए 12 प्रमुख चौराहों को चिह्नित किया गया है। इनमें गिलट बाजार चौराहा, भोजूबीर, सर्किट हाउस, कचहरी, पुलिस लाइन, चौकाघाट, तेलियाबाग, लहुराबीर, कबीर मठ, मैदागिन, कालभैरव और गोदौलिया चौराहा है।*

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


आज–दि0 09.07.2025

## विप्रा करेगी १८ मार्गोंकी कायापलट

### केंद्र सरकार के पर्यटन विभाग के निर्देश पर मंडलायुक्त ने दिया आवश्यक निर्देश

भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के निर्धारित एक्शन प्लान फार काशी एंड सारनाथ के संदर्भ में मंडलायुक्त एस.राज.लिंगम के निर्देश के आधार पर विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें दिये गये निर्देश के अनुसार १८ स्थानों पर जिसमें मुख्य मार्ग एयरपोर्ट से लेकर गिलट बाजार होते हुए मैदागिन, गोदौलिया स्थानों पर सौंदर्यीकरण कराया जायेगा इसके लिए केंद्र सरकार ने विकास प्राधिकरण को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। सड़क पर कराये जाने वाले कार्य में भवन और दूकानों के बीच कच्चे पैच को पक्का कराते हुए टूटी-फूटी सड़कों का मरम्मत होगा। इस कार्य में लोक निर्माण विभाग का सहयोग लिया जायेगा। नगर निगम प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया है कि वह बेतरकीब लगे साईन बोर्डों को तत्काल हटायें। नये साईन बोर्ड विकास प्राधिकरण लगायेगा। सड़क के किनारे ट्रांसपोर्ट की फेन्सिंग तथा पोल की पेंटिंग का कार्य निर्माण अनुभाग को निर्देशित किया गया है। जिसमें विद्युत विभाग और इंटरनेट सर्विस के जाल को नगर निगम हटायेगा। सड़क पर बेतरकीब ढंग से लगे इंटरनेट और केबिल के तार भी हटाये जायेंगे। मार्गों को स्थापित करने के लिए मरम्मत पेंटिंग का कार्य प्राधिकरण करायेगी। जिसमें सड़कों के डिवाइडरों पर टूटे माउण्टेड गमले हटाये जायेंगे। इसके लिए नगर निगम को आवश्यक काररवाई करने का आदेश दिया गया। रूट के किनारे पड़ने वाले भवन, दूकान पर थीम बेस्ड फसाड पेंटिंग का कार्य विप्रा करायेगी। इसके अलावा इन सड़कों के बीच पौधों को व्यवस्थित करना, यूरनल और सार्वजनिक शौचालय का रि-डिजाइन भवनों के ऊपर स्थापित बिल बोर्ड को हटवाया जायेगा जिसके लिए १८ स्पाट चिह्नित किये गये हैं इस रूट पर बैनर, पोस्टर अन्य प्रकार के विज्ञापन सामग्री को इसके अलावा वाल राइटिंग हटाने का निर्देश दिया गया। मैदागिन से गोदौलिया मार्ग पर अनाधिकृत टोटो, केबिल रिक्शा, थ्री व्हीलर को रोकने के लिए नागरिकों से संवाद किया जायेगा। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस को अधिकृत किया गया है। ठेले-खोमचे के रि-डिजाइनिंग का कार्य सारनाथ क्षेत्र में कराया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम सहित डूडा के निदेशक को आवश्यक कार्य करने का निर्देश दिया गया। सड़कों के किनारे चाय की दूकान और अन्य खाने-पीने की चीजों को निरीक्षण के लिए खाद्य विभाग को निर्देश दिया गया है। जिन प्रमुख चौराहों को इसमें शामिल किया गया है उसमें-गिलट बाजार, भोजूबीर, सर्किट हाउस, कचहरी, पुलिस लाइन, चौकाघाट, तेलियाबाग, लहुराबीर, कबीर मठ, मैदागिन चौराहा, कालभैरव, गोदौलिया चौराहा यहां पर आवश्यकतानुसार नवीनीकरण और रि-डिजाइनिंग का कार्य किया जायेगा। बैठक में उपाध्यक्ष के अलावा जिला प्रशासन के अपर नगर मजिस्ट्रेट, नगर निगम के विभिन्न विभागों की टीम, अपर सचिव नगर नियोजक और विद्युत विभाग के प्रमुख अधिकारी मौजूद थे।




आज–दि0 09.07.2025


## प्लाटिंग पर चली जेसीबी

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर अभियंताओं की टीम ने मंगलवार को सारनाथ वार्ड में आराजी नम्बर-६५० गौरीकला में राजनाथ ने अवैध रूप से प्लाटिंग का काम शुरू किया था। सूचना मिलने पर जोनल अधिकारी और अवर अभियंता मौके पर पहुंचे। स्वीकृति पत्र के अभाव में प्लाटिंग पर कराये गये निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। इसी वार्ड में मौजा-संदहा में डब्बू सिंह नाम भवन स्वामी ने बिना ले आऊट समन मानचित्र दाखिल किये प्लाटिंग करने लगा। यहां भी पहुंची अभियंताओं की टीम ने क्षेत्रीय सुपरवाइजर और पुलिस की देखरेख में जेसीबी से निर्माण कार्य को ध्वस्त करा दिया। काररवाई में जोनल अधिकारी श्रीप्रकाश, अवर अभियंता वार्तिका दूबे, विनोद कुमार सहित सुपरवाइजर और पुलिस मौजूद थे।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 09.07.2025

# जोन-2, वार्ड-सारनाथ के अंतर्गत दो अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

वाराणसी। वार्ड–सारनाथ के अंतर्गत राजनाथ पुत्र भगेलू द्वारा आराजी नं– 650 मौजा– गौराकला, थाना–चौबेपुर में बिना लेआउट स्वीकृत कराए लगभग 6000 वर्ग मी0 में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किये जाने पर उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 के अन्तगर्त धारा–27 एवं 28 के अंतर्गत प्लाटिंगकर्ता द्वारा ले–आउट शमन मानचित्र दाखिल नहीं किया गयाइ तदृक्रम में प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण निर्धारित अवधि के अन्दर स्वत ध्वस्तीकरण न कराये जाने के कारण आज दिनांक 08.07.2025 को ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी ।वार्ड–सारनाथ के अंतर्गत डब्बू सिंह द्वारा मौजा– संदहा (मुढली), थाना–चौबेपुर में बिना लेआउट स्वीकृत कराए लगभग 6000 वर्ग मी0 में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किये जाने पर उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 के अन्तगर्त धारा–27 एवं 28 के अंतर्गत प्लाटिंगकर्ता द्वारा ले–आउट शमन मानचित्र दाखिल नहीं किया गयाइ तदृक्रम में प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण निर्धारित अवधि के अन्दर स्वत ध्वस्तीकरण न कराये जाने के कारण आज दिनांक 08.07.2025 को ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी ।मौके पर जोनल अधिकारी श्री प्रकाश अवर अभियंता वर्तिका दुबे व विनोद कुमार तथा प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे ।उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।




## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 09.07.2025

# काशी-सारनाथ एक्शन प्लान के क्रियान्वयन को लेकर बैठक संपन्न

वाराणसी। पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित एक्शन प्लान फॉर काशी एंड सारनाथ पर मंडलायुक्त, वाराणसी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 28.06.2025 को आहूत बैठक के क्रम में जारी कार्यवृत्त में बिंदुवार निर्णय/निर्देश के अनुपालन हेतु वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में उपाध्यक्ष कार्यालय में बैठक की गयी ।समस्त कार्य चिन्हित 18 स्थानों पर किया जाना है। इन *18 स्थानों में मुख्य मार्ग एयरपोर्ट से लेकर गिलट बाजार होते हुए मैदागिन होते गोदौलिया तक के स्थानों के सौंदर्यीकरण हेतु उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। सड़क के किनारे स्थित भवन व दुकान के बीच कच्चे पैच को पक्का कराते हुए टूटी–फूटी सड़क की मरम्मत का कार्य पी0डब्लू0डी0 से समन्वय स्थापित कर प्राधिकरण करेगा ।उपाध्यक्ष द्वारा नगर निगम के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि दुकानों पर बेतरतीब लगे साईन बोर्ड हटाया जाये तथा नए साईनेज बोर्ड प्राधिकरण द्वारा लगाया जायेगा। सड़क के किनारे स्थित ट्रांस्फार्मर की फेन्सिंग तथा पोल की पेन्टिंग के कार्य हेतु निर्माण अनुभाग को निर्देशित किया गया कि वे विद्युत् अनुभाग को पत्र प्रेषित कर समस्त कार्य कराना सुनिश्चित करें तथा इण्टरनेट सर्विस प्रोवाइडर तथा अन्य तारों के जंजाल को नगर निगम द्वारा हटवाया जाये ।मार्गों में स्थापित मीडियन की मरम्मत / पेन्टिंग का कार्य प्राधिकरण द्वारा किया जायेगा तथा टूटे माउण्टेड गमला होल्डरों को हटाना / मरम्मत का कार्य नगर निगम द्वारा किये जाने हेतु निर्देशित किया गया ( प्रस्तावित रूट के किनारे पड़ने वाले भवन / दुकान आदि का थीम बेस्ड फसाड पेन्टिंग का कार्य प्राधिकरण द्वारा कराया जायेगा ।मीडियन में लगे पौधों को व्यवस्थित कराने, सड़क के किनारे बने यूरिनल / सार्वजनिक शौचालयों का री–डिजाईन / सुंदरीकरण कराने तथा आवश्यकता होने पर पुनर्निर्माण का कार्य, भवनों के ऊपर स्थापित अनाधिकृत बिलबोर्ड को स्ट्रक्चर सहित हटाने का कार्य, चिन्हित 18 स्पॉट / रूट के पूरे मार्ग पर लगे बैनर / पोस्टर तथा दीवारों पर, पुल के पीलर पर, पुल के एप्रोच दीवार पर लगे पोस्टर, वॉल राइटिंग को हटाने का कार्य नगर निगम द्वारा कराया जायेगा ।मैदागिन से गोदौलिया तक के मार्ग पर अनाधिकृत टोटो रिक्शा, केबल रिक्शा, थ्री–व्हीलर के प्रवेश होने से रोकने हेतु स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर आवश्यकतानुसार स्थायी / अस्थायी बोलार्ड स्थापित करने का कार्य ट्रैफिक पुलिस द्वारा किया जायेगा।



हिन्दुस्तान–दि0 09.07.2025

## दो होटल समेत पांच अवैध निर्माण सील

वाराणसी। वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने मंगलवार को दशाश्वमेध वार्ड के मंडुवाडीह, लहरतारा, महमूरगंज मार्ग का निरीक्षण किया। चांदपुर में तीन मंजिला होटल, मोती झील के सामने व्यवसायिक प्रतिष्ठान, मंडुवाडीह में दो और तीन मंजिला अवैध निर्माण, और एक होटल सील किया गया। निरीक्षण के दौरान जोनल अधिकरी सौरभ देव प्रजापति, जेई रवीन्द्र प्रकाश, राजू कुमार आदि थे।

हिन्दुस्तान–दि0 09.07.2025

### पर्यटन मंत्रालय की काशी के स्वरूप को बदलने की तैयारी

## चौराहों और प्रमुख मार्गों का होगा सुंदरीकरण

**तैयारी**

- वीडीए की निगरानी में होगा काम, विभागों को जिम्मेदारी सौंपी
- ट्रैफिक प्लान के अनुसार री-डिजाइन किए जाएंगे चौराहे

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। पर्यटन मंत्रालय के एक्शन प्लान फॉर काशी ऐंड सारनाथ के तहत शहर के चौराहों का स्वरूप बदला जाएगा। उनका सुंदरीकरण होगा। मंगलवार को वीडीए मुख्यालय में उपाध्यक्ष एवं योजना के नोडल अधिकारी पुलकित गर्ग ने विभिन्न विभागों के साथ बैठक की। शहर के 18 स्थानों में सड़क मरम्मत, केबल तारों को व्यवस्थित करने समेत कई कार्य होने हैं।

बैठक में एयरपोर्ट से गिलट बाजार होते मैदागिन, गोदौलिया तक सुंदरीकरण योजना पर विस्तार से चर्चा हुई। इन मार्गों से अतिक्रमण भी हटाए जाएंगे। इस दौरान विभागों में कार्यों का बंटवारा किया गया। कार्ययोजना के अनुसार गिलट बाजार चौराहा, भोजूबीर चौराहा, सर्किट हाउस चौराहा, कचहरी चौराहा, पुलिस लाइन, चौकाघाट चौराहा, तेलियाबाग, लहुराबीर चौराहा, कबीर मठ, मैदागिन, कालभैरव चौराहा तथा गोदौलिया चौराहे का सुंदरीकरण कराया जाना है। साथ ही चौराहों को ट्रैफिक प्लान के अनुसार री-डिजाइन किया जाएगा।

सड़क मरम्मत की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी और नगर निगम की होगी। दुकानों के बेतरतीब साइन बोर्ड नगर निगम हटाएगा और उनके स्थान पर नए बोर्ड वीडीए लगाएगा। बिजली विभाग सुरक्षा की दृष्टि से सड़कों के किनारे लगे ट्रांसफॉर्मरों की फेन्सिंग कराएगा। बिजली पोलों की पेंटिंग भी होगी। डिवाइडरों में लगे पौधों को व्यवस्थित किया जाएगा। यूरीनल, सार्वजनिक शौचालयों की बनावट में सुधार होगा। जरूरत पर नए शौचालय भी बनाए जाएंगे। चिह्नित 18 स्थानों पर की दीवारों, पुलों के खंभों आदि स्थानों पर लगे बैनर, पोस्टर या वॉल राइटिंग हटाई जाएगी। इन मार्गों पर ठेलों, खोमचों की भी नई डिजाइन के होंगे। सारनाथ क्षेत्र में ठेलों की डिजाइन की तर्ज पर यह कार्य होगा। बैठक में अपर सचिव डॉ.गुडाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, सहायक नगर आयुक्त अनिल यादव आदि रहे।

### मैदागिन से गोदौलिया मार्ग पर बोलार्ड

मैदागिन से गोदौलिया मार्ग पर अनाधिकृत ई-रिक्शा, पैडल रिक्शा, ऑटो का प्रवेश रोकने के लिए स्थानीय लोगों से संवाद बनाकर स्थायी और अस्थायी बोलार्ड लगाए जाएंगे। वीडीए उपाध्यक्ष ने ट्रैफिक पुलिस को यह जिम्मेदारी दी है।

## दैनिक जागरण आईनेक्स्ट–दि0 09.07.2025

### अब वर्दी में दिखेंगे विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन कर्मी

varanasi@inext.co.in

**VARANASI (8 July):** अवैध निर्माण रोकने के लिए लगाए गए विकास प्राधिकरण कर्मचारियों को पहचान बताने में कोई दिक्कत नहीं होगी. उनको अब वर्दी में रहना होगा. उनको अपने साथ आइकार्ड भी रखना पड़ेगा जिससे भवन स्वामी के साथ विवाद की स्थिति नहीं हो. प्रवर्तन कर्मी बिना वर्दी पाए गए तो उन्हें दोषी मानते हुए कार्रवाई की जाएगी. वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने एक एजेंसी से डिजाइन मंगाने के साथ फाइनल कर दिया है. वीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि अवैध निर्माण रोकने के लिए जोन में जोनल अधिकारी, अवर अभियंता, सुपरवाइजर और चतुर्थ श्रेणी कर्मी लगाए गए हैं.

## जागरूक एक्सप्रेस–दि0 09.07.2025

### वीडीए के सहयोग से बदलेगी 10 चौराहों की तस्वीर

**बैठक में काशी-सारनाथ एक्शन प्लान को लेकर तैयारी, इन मार्गों पर नहीं चलेंगे ऑटो, ई रिक्शा**

जिला संवाददाता

**वाराणसी।** पर्यटन मंत्रालय की पहल के बाद वाराणसी जिला प्रशासन शहर के सुंदरीकरण का नए सिरे से खाका खींच रहा है। लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट से सारनाथ, गिलट बाजार, कचहरी से गोदौलिया तक चौराहों के सुंदरीकरण के साथ सड़कों की मरम्मत, लाइटिंग पर फोकस किया जाएगा।

नगर निगम, वीडीए, पीडब्ल्यूडी विद्युत विभाग आपसी तालमेल से शहर की सुंदरीकरण में अपनी सहभागिता निभाएगा। सारी कवायद पर्यटन मंत्रालय की पहल पर हो रही है। केंद्र सरकार की पहल पर एक्शन फॉर काशी- सारनाथ को लेकर कमिश्नर एस राजलिंगम ने 28 जून को बैठक की थी। बैठक में तय हुआ कि शहर के 18 स्थानों को नए सिरे से तैयार किया जाए ताकि वाराणसी आने वाले पर्यटकों को स्वच्छ काशी सुन्दर काशी का एहसास हो। इसके लिए वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग को नोडल बनाया गया है। पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में मंगलवार को वीडीए सभागार में नगर निगम, लोक निर्माण, जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक हुई।



बैठक में तय हुआ कि गिलट बाजार चौराहा, भोजूबीर चौराहा, सर्किट हाउस चौराहा, कचहरी चौराहा, पुलिस लाइन चौराहा, चौकाघाट चौराहा, तेलियाबाग चौराहा, लहुराबीर चौराहा, कबीर मठ, मैदागिन चौराहा, काल भैरव चौराहा तथा गोदौलिया चौराहा का सौंदर्यीकरण व आवश्यकतानुसार नवीनीकरण / री-डिजाईन का कार्य कराया जायेगा। इसकी जिम्मेदारी विकास प्राधिकरण की होगी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## जागरूक एक्सप्रेस–दि0 09.07.2025

# अब वर्दी में दिखेंगे विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन कर्मी

varanasi@inext.co.in

VARANASI (8 July): अवैध निर्माण रोकने के लिए लगाए गए विकास प्राधिकरण कर्मचारियों को पहचान बताने में कोई दिक्कत नहीं होगी. उनको अब वर्दी में रहना होगा. उनको अपने साथ आइकार्ड भी रखना पड़ेगा जिससे भवन स्वामी के साथ विवाद की स्थिति नहीं हो. प्रवर्तन कर्मी बिना वर्दी पाए गए तो उन्हें दोषी मानते हुए कार्रवाई की जाएगी. वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने एक एजेंसी से डिजाइन मंगाने के साथ फाइनल कर दिया है. वीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि अवैध निर्माण रोकने के लिए जोन में जोनल अधिकारी, अवर अभियंता, सुपरवाइजर और चतुर्थ श्रेणी कर्मी लगाए गए हैं.

## न्यायाधीश –दि0 09.07.2025

# जोन-3, वार्ड-दशाश्वमेध के अंतर्गत मंडुवाडीह,लहरतारा, महमूरगंज मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया गया



वाराणसी।सचिव वीडीए डॉ वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा जोन-3, वार्ड-दशाश्वमेध के अंतर्गत मंडुवाडीह,लहरतारा, महमूरगंज मार्ग का स्थलीय निरिक्षण किया गया। निरिक्षण के दौरान जोनल अधिकरी सौरभ देव प्रजापत्ति व अवर अभियंता रविन्द्र प्रकाश, राजू कुमार उपस्थित थे। क्षेत्रीय निरिक्षण के दौरान कई छोटे बड़े आवासीय/व्यावसायिक नव निर्माणों को मौके पर गतिमान पाया गया। उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धारा-27 के अन्तर्गत नोटिस की कार्यवाही करते हुए 05 निर्माणों को मौके पर सील किया गया। विपुल कपूर बी0जी03 पूरा व्यावसायिक 700 वर्गमीटर के क्षेत्रफल में मौजा-मंडुवाडीह, वार्ड दशाश्वमेध, इंडस्ट्रियल स्टेट रोड मंडुवाडीह वाराणसी में होटल का निर्माण। राजकुमार बरनवाल मोती झील के सामने बी0जी03 लगभग 2500 वर्गमीटर में मौजा-महमुरगंज, वार्ड दशाश्वमेध, में व्यावसायिक निर्माण। दीपक अस्थाना बी0जी01 व्यावसायिक निर्माण मंडुवाडीह चौराहे पे महमूरगंज जाने वाली सड़क पर वार्ड दशाश्वमेध, वाराणसी में आवासीय निर्माण। दीपक जयसवाल 450 वर्गमीटर के क्षेत्रफल में बी0जी03 मौजा-मंडुवाडीह, वार्ड दशाश्वमेध में व्यावसायिक निर्माण/आवासीय। पंकज बरनवाल महमुरगंज त्रिमुहानी पर लगभग 700 वर्गमीटर के क्षेत्रफल में होटल का निर्माण। उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## न्यायाधीश –दि0 09.07.2025

### वीडीए द्वारा दो अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित



वाराणसी ।उपाध्यक्ष द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में जोन-2, वार्ड-सारनाथ के अंतर्गत दो अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।इसके तहत वार्ड-सारनाथ के अंतगर्त राजनाथ पुत्र भगेलू द्वारा आराजी नं- 650 मौजा-गौराकला, थाना-चौबेपुर में बिना लेआउट स्वीकृत कराए लगभग 6000 वर्ग मी0 में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किये जाने पर उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 के अन्तगर्त धारा-27 एवं 28 के अंतर्गत प्लाटिंगकर्ता द्वारा ले-आउट शमन मानचित्र दाखिल नहीं किया गयाह तदृक्रम में प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण निर्धारित अवधि के अन्दर स्वत ध्वस्तीकरण न कराये जाने के कारण आज दिनांक 08.07.2025 को ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी। वार्ड-सारनाथ के अंतगर्त डब्बू सिंह द्वारा मौजा- संदहा (मुढली), थाना-चौबेपुर में बिना लेआउट स्वीकृत कराए लगभग 6000 वर्ग मी0 में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किये जाने पर उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 के अन्तगर्त धारा-27 एवं 28 के अंतर्गत प्लाटिंगकर्ता द्वारा ले-आउट शमन मानचित्र दाखिल नहीं किया गयाह तदृक्रम में प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण निर्धारित अवधि के अन्दर स्वत ध्वस्तीकरण न कराये जाने के कारण आज दिनांक 08.07.2025 को ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।मौके पर जोनल अधिकारी श्री प्रकाश अवर अभियंता वर्तिका दुबे व विनोद कुमार तथा प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## न्यायाधीश –दि0 09.07.2025

### वीडीए ने की अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही



वाराणसी ।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में जोन-05 में अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी। वार्ड-मुगलसराय, के अंतर्गत तेज बहादुर सिंह(द आर्यन इंटरनेशनल स्कूल) द्वारा मौजा-मनोहरपुर, थाना-अलीनगर में स्कूल परिसर में लगभग 50 90 वर्गफीट के क्षेत्रफल में बी+2जी तलों के ऊपर पीलर का निर्माण कार्य करने पर उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धारा के अन्तर्गत पूर्व में नोटिस की कार्यवाही की गयी थी । परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा स्थल पर चोरी-छिपे तथा रुक-रुक कर रात्रि में निर्माण कार्य किया जा रहा था अतः आज दिनांक 08/07/2025 को स्थल को सील कर सम्बन्धित थाने अभिरक्षा में सौंप दिया गया।मौके पर जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश एवं अवर अभियंता अशोक यादव तथा प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश –दि0 09.07.2025

# काशी-सारनाथ एक्शन प्लान के क्रियान्वयन के लिए उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा बैठक संपन्न




वाराणसी ।पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित एक्शन प्लान फॉर काशी एंड सारनाथ पर मंडलायुक्त, वाराणसी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 28.06.2025 को आहूत बैठक के क्रम में जारी कार्यवृत्त में बिंदुवार निणन्य/निर्देश के अनुपालन हेतु वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में उपाध्यक्ष कार्यालय में बैठक की गयी।समस्त कार्य चिन्हित 18 स्थानों पर किया जाना है। इन इ18 स्थानों में मुख्य मार्ग एयरपोर्ट से लेकर गिलट बाजार होते हुए मैदागिन होते गोदौलिया तक के स्थानों के सौंदर्यीकरण हेतु उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।जिसमें निमन्वत् बिंदु शामिल है- सड़क के किनारे स्थित भवन व दुकान के बीच कच्चे पैच को पक्का कराते हुए टूटी-फूटी सड़क की मरम्मत का कार्य पी0डब्लू0डी0 से समन्वय स्थापित कर प्राधिकरण करेगा।उपाध्यक्ष महोदय द्वारा नगर निगम के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि दुकानों पर बेतरतीब लगे साईन बोर्ड हटाया जाये तथा नए साईनेज बोर्ड प्राधिकरण द्वारा लगाया जायेगा। सड़क के किनारे स्थित ट्रांसफार्मर की फेन्सिंग तथा पोल की पेन्टिंग के कार्य हेतु निर्माण अनुभाग को निर्देशित किया गया कि वे विद्युत् अनुभाग को पत्र प्रेषित कर समस्त कार्य कराना सुनिश्चित करें तथा इण्टरनेट सर्विस प्रोवाइडर तथा अन्य तारों के जंजाल को नगर निगम द्वारा हटवाया जाये।मार्गों में स्थापित मीडियन की मरम्मत / पेन्टिंग का कार्य प्राधिकरण द्वारा किया जायेगा तथा टूटे माउण्टेड गमला होल्डरों को हटाना / मरम्मत का कार्य नगर निगम द्वारा किये जाने हेतु निर्देशित किया गया ।प्रस्तावित रूट के किनारे पड़ने वाले भवन / दुकान आदि का थीम बेस्ड फसाड पेन्टिंग का कार्य प्राधिकरण द्वारा कराया जायेगा। मीडियन में लगे पौधों को व्यवस्थित कराने, सड़क के किनारे बने यूरिनल / सार्वजनिक शौचालयों का री-डिजाईन / सुंदरीकरण कराने तथा आवश्यकता होने पर पुनर्निर्माण का कार्य, भवनों के ऊपर स्थापित अनाधिकृत बिलबोर्ड को स्ट्रक्चर सहित हटाने का कार्य, चिन्हित 18 स्पॉट / रूट के पूरे मार्ग पर लगे बैनर / पोस्टर तथा दीवारों पर, पुल के पीलर पर, पुल के एप्रोच दीवार पर लगे पोस्टर, वॉल राइटिंग को हटाने का कार्य नगर निगम द्वारा कराया जायेगा। मैदागिन से गोदौलिया तक के मार्ग पर अनाधिकृत टोटो रिक्शा, केबल रिक्शा, थ्री-व्हीलर के प्रवेश होने से रोकने हेतु स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर आवश्यकतानुसार स्थायी / अस्थायी बोलार्ड स्थापित करने का कार्य ट्रैफिक पुलिस द्वारा किया जायेगा। उक्त चिन्हित मार्गों के ठेले / खोमचों को री-डिज़ाईन का कार्य सारनाथ क्षेत्र में कराये गये कार्यों की तर्ज पर किया जाये, जिसके लिए उपाध्यक्ष महोदय द्वारा नगर निगम एवं डूडा को निर्देशित किया गया कि ठेले / खोमचे वाले को सूचित कर दिया जाये। सड़कों के किनारे जितने भी चाय की दुकान तथा रोड साइड ईटरिज़ है उनके फसाद को Standard-ized Design के अनुसार परिवर्तित कराये जायें तथा उन सभी को हाइजेनिक तरीके से खाने-पीने की चीजों को बनाने / परोसने हेतु खादय सुरक्षा विभाग को निर्देशित किया गया।- चिन्हित प्रमुख चौराहों जैसे कि गिलट बाजार चौराहा, भोजूबीर चौराहा, सर्किट हाउस चौराहा, कचहरी चौराहा, पुलिस लाइन चौराहा, चौकाघाट चौराहा, तेलियाबाग चौराहा, लहुराबीर चौराहा, कबीर मठ, मैदागिन चौराहा, काल भैरव चौराहा तथा गोदौलिया चौराहा का सौंदर्यीकरण व आवश्यकतानुसार नवीनीकरण / री-डिजाईन का कार्य प्राधिकरण द्वारा किया जायेगा।बैठक में जिला प्रशासन, अपर नगर मजिस्ट्रेट, नगर निगम की टीम, तथा प्राधिकरण से अपर सचिव, नगर नियोजक व निर्माण अनुभाग एवं विद्युत् अनुभाग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सहारा –दि0 09.07.2025

# बनारस के प्रमुख चट्टी-चौराहे संवारेगा वीडीए

**बैठक में वीडीए उपाध्यक्ष ने बताया एक्शन प्लान, ई-रिक्शा को पुराने शहर में रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस से ली जाएगी मदद**



वाराणसी (एसएनबी)। काशी-सारनाथ एक्शन प्लान के क्रियान्वयन को वीडीए उपाध्यक्ष ने मंगलवार को बैठक ली। बैठक में चिन्हित प्रमुख चौराहो जैसे कि गिलट बाजार चौराहा, भोजूबीर चौराहा, सर्किट हाउस चौराहा, कचहरी चौराहा, पुलिस लाइन चौराहा, चौकाघाट चौराहा, तेलियाबाग चौराहा, लहुराबीर चौराहा, कबीर मठ, मैदागिन चौराहा, काल भैरव चौराहा तथा गोदौलिया चौराहा का सौंदर्यीकरण व आवश्यकतानुसार नवीनीकरण/ री-डिजाईन का कार्य प्राधिकरण द्वारा किया जायेगा का निर्णय लिया गया। इस दौरान बैठक में 18 स्थानो का कार्य चिन्हित किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सड़क के किनारे स्थित भवन व दुकान के बीच कच्चे पैच को पक्का कराते हुए टूटी-फूटी सड़क की मरम्मत का कार्य पीडब्लूडी से समन्वय स्थापित कर प्राधिकरण करेगा। उपाध्यक्ष ने नगर निगम के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि दुकानों पर बेतरतीब लगे साईन बोर्ड हटाया जाये तथा नए साइनेज बोर्ड प्राधिकरण द्वारा लगाया जायेगा।

पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित एक्शन प्लान फॉर काशी एंड सारनाथ पर मंडलायुक्त की अध्यक्षता में दिनांक 28 जून को आहूत बैठक के क्रम में जारी कार्यवृत्त में बिंदुवार निर्णय/निर्देश के अनुपालन को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में उपाध्यक्ष कार्यालय में बैठक हुई। बतातें चलें कि इन 18 स्थानों में मुख्य मार्ग एयरपोर्ट से लेकर गिलट बाजार होते हुए मैदागिन होते गोदौलिया तक के स्थानों के सौंदर्यीकरण में उपाध्यक्ष वाराणसी विकास प्राधिकरण को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। बैठक में वाराणसी के मैदाकगन से गोदौलिया तक टोटो और ई-रिक्शा के चलने से रोकने का जिम्मा टैंफिक पुलिस को सौंपने पर सहमती बनी। कहाकि मैदागिन से गोदौलिया तक के मार्ग पर अनाधिकृत टोटो रिक्शा, केबल रिक्शा, थ्री-व्हीलर के प्रवेश होने से रोकने को स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर आवश्यकतानुसार स्थायी/अस्थायी बोलार्ड स्थापित करने का कार्य ट्रैफिक पुलिस द्वारा किया जायेगा। बैठक में उपाध्यक्ष महोदय ने बताया कि सड़क के किनारे स्थित ट्रांस्फार्मर की फेन्सिंग तथा पोल की पेन्टिंग के कार्य के लिए निर्माण अनुभाग को निर्देशित किया गया कि वे विद्युत अनुभाग को पत्र प्रेषित कर समस्त कार्य कराना सुनिश्चित करें तथा इण्टरनेट सर्विस प्रोवाइडर तथा अन्य तारों के जंजाल को नगर निगम द्वारा हटवाया जाये। मार्गों में स्थापित मीडियन की मरम्मत/पेन्टिंग का कार्य प्राधिकरण द्वारा किया जायेगा तथा टूटे माउण्टेड गमला होल्डरों को हटाना/ मरम्मत का कार्य नगर निगम द्वारा किये जाने को निर्देशित किया। प्रस्तावित रूट के किनारे पड़ने वाले भवन /दुकान आदि का थीम बेस्ड फसाड पेन्टिंग का कार्य प्राधिकरण द्वारा कराया जायेगा। मीडियन में लगे पौधों को व्यवस्थित कराने, सड़क के किनारे बने यूरिनल/सार्वजनिक शौचालयों का री-डिजाईन/सुंदरीकरण कराने तथा आवश्यकता होने पर पुनर्निर्माण का कार्य, भवनों के ऊपर स्थापित अनाधिकृत बिलबोर्ड को स्ट्रक्चर सहित हटाने का कार्य, चिन्हित 18 स्पॉट/रूट के पूरे मार्ग पर लगे बैनर/पोस्टर तथा दीवारों पर, पुल के पीलर पर, पुल के एप्रोच दीवार पर लगे पोस्टर, वॉल राइटिंग को हटाने का कार्य नगर निगम द्वारा कराया जायेगा। उपाध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिया कि कि उक्त चिन्हित मार्गो के ठेले/खोमचों का री-डिजाईन का कार्य सारनाथ क्षेत्र में कराये गये कार्यों की तर्ज पर किया जाये। उपाध्यक्ष महोदय ने इसके लिए नगर निगम एवं डूडा को निर्देशित किया कि ठेले/ खोमचे वाले को सूचित कर दिया जाये। सड़कों के किनारे जितने भी चाय की दुकान तथा रोड साइड ईटरिज है। उनके फसाद को मानकीकृत डिजाइन के अनुसार परिवर्तित कराये जायें तथा उन सभी को हाइजेनिक तरीके से खाने-पीने की चीजों को बनाने/परोसने को खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देशित किया गया। बैठक में जिला प्रशासन, अपर नगर मजिस्ट्रेट, नगर निगम की टीम तथा प्राधिकरण से अपर सचिव, नगर